हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
10 मई 2024, समय 1305

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया के माध्यम से देशावासियों को भगवान परशुराम जयंती तथा अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं दीं। उन्हेंने कहा कि भगवान परशुराम के आर्शिवाद से सभी के जीवन में नई ऊर्जा का संचार हों।

....

भगवान श्री विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जयंती तथा अक्षय तृतीया पर्व आज हरियाणा भर में बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया और लोगों ने इस पर्व को मानते हुए सोने और चांदी की खरीदारी की । लोगो का मानना है की इस दिन सोने चांदी के बर्तन आदि ख़रीदने शुभ होते हैं । फतेहाबाद के बाजारों में काफ़ी लोग ख़रीदारी करने के लिए आये।

वही कैथल में एक कार्यक्रम में जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ने कहा कि आगामी 19 मई को पहरावर रोहतक में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जायेगा और उसका न्योता वह खुद घर -घर दे कर आयेंगे|। उन्होंने कहा कि 36 बिरादरी में अगर किसी के साथ भी अन्याय हो रहा हो तो उन्हे आवाज उठानी चाहिए और हमेशा दूसरों की भलाई के लिए तैयार रहना चाहिए।

जयहिन्द ने कहा की अयोध्या में राम मंदिर बना है और अब वह, पहरावर रोहतक में परशुराम मंदिर बनाएगी जिस में देश की सबसे ऊँची 121 फ़ीट भगवान परशुराम की मूर्ति रखी जाएगी।

....

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कल रोहतक में सुनारिया स्थित पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में दीक्षांत परेड समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। महाविद्यालय में 452 जवानों का 6 माह का प्रशिक्षण पूरा हुआ। यह सभी पूर्व सैनिक हैं। इस दौरान पुलिस महानिदेशक ने परेड की सलामी ली। जवानों को शपथ भी दिलाई गई। समारोह के दौरान अपने संबोधन में पुलिस महानिदेशक ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की जान माल की सुरक्षा करना पुलिस की जिम्मेदारी है। समाज में अपराधों की रोकथाम व कानून व्यवस्था कायम रखने में हरियाणा पुलिस की अहम भूमिका है। साथ ही उन्होंने पुलिस जवानों व अधिकारियों में राष्ट्र प्रेम और समाजसेवा की भावना होने पर जोर दिया। पत्रकारों से बातचीत में पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिस महाविद्यालय में प्रशिक्षण हासिल करने वाले जवान, लोकसभा चुनाव में भी अहम भूमिका अदा करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान हरियाणा पुलिस की बड़ी जिम्मेदारी रहेगी क्योंकि भारी संख्या में पुलिस बल की आवश्यकता होती है।

शत्रुजीत कपूर ने कहा कि सभी सुरक्षा बलों के साथ मिलकर इस बार भी शांतिपूर्ण तरीके से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए जाएंगे।

पुलिस महानिदेशक ने एक जुलाई से लागू होने वाले 3 नए कानूनों को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 3 नए कानून बड़ी चुनौती और बहुत बड़ा मौका भी है। इसके लिए पूरी तैयारी हो चुकी है। इन कानूनों की जानकारी देने के लिए मास्टर ट्रैनर तैयार किए जा रहे हैं, जिनकी प्रदेश के हर जिले में पुलिस थानों में नियुक्ति की जाएगी। इसके बाद ये मास्टर ट्रेनर अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण करेंगे।

....

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रेवाड़ी में कल शाम को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हरियाणा भाजपा सभी दस लोकसभा सीटों को जीत रही है। इसके साथ ही करनाल विधानसभा के उपचुनाव में भी भाजपा को विजय मिलेगी। विपक्ष घर में बैठकर 30 जमा 3 की गिनती कर रहे है, लेकिन जब पर जाएगे तो 23 ही रह जाएंगे। भाजपा देश में साढे तीन सौ से सीटें जीत रही है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम लोकसभा सीट से राव इंद्रजीत की जीत सुनिश्चित है। विपक्ष द्वारा सरकार गिराने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। प्रदेश में भाजपा की सरकार पूरी तरह सुरक्षित है। मार्च माह में ही सरकार ने विश्वास मत हांसिल किया था। विपक्षी की ओर से जनता में भ्रम फैलाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। जजपा ने राज्यपाल को पत्र लिखा है, लेकिन अब राज्यपाल व स्पीकर को देखना है। इसे पूर्व उन्होंने विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए लोगों से आव्हान किया कि विपक्ष के बकावे में न आए तथा भाजपा के पक्ष में वोट करें।

....

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया ने पानीपत के मॉडल टाउन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में महिलाओं की सुरक्षा व साइबर अपराध जागरूकता अभियान कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने साइबर अपराध और कानूनी जागरूकता के विषय पर छात्राओं को असंभावित घटनाओं से अवगत कराया। उन्होंने छात्राओ को - बस एक कॉल दूर की टैगलाइन पर काम कर रही हरियाणा पुलिस की डायल 112 का साक्षात् प्रदर्शन भी दिया । जिसमे उन्होंने स्वंम एक छात्रा बनकर मदद मांगी ,जिस पर मात्र 30 सैकेंड में कॉल आकर 7 मिनट में पुलिस कर्मी पहुंचे । उन्होंने पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया और छात्राओ को संदेश दिया कि कोई तंग करे तो 112 पर कॉल कर मदद ले।

....